आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है। आज गुजरात में प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर देशवासियों से अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए विकसित भारत के लिए कंधे से कंधा और दिल से दिल मिलाकर चलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल ऐतिहासिक वैभव का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सोमनाथ मंदिर की अनंत यात्रा को भावी पीढियों तक पहुंचाने का अवसर भी है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने विकसित भारत रोज़गार व आजीविका मिशन गारंटी अधिनियम 2025 को हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है। सोलन में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इस योजना को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है जबकि वास्तविकता ये है कि ये योजना प्रदेश के गांवों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना में जियो टैगिंग, जी.पी.एस. मैपिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और ए.आई. आधारित सोशल ऑडिट को अनिवार्य किया गया है जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

धर्माणी

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों और अन्य मंत्रियों ने भी बैठक में भाग लिया। प्रदेश की ओर से तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश को भूकंपीय जोन छह के अंतर्गत केन्द्र सरकार से नए मापदंड में आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान को पांच साल की औसत निकालकर जारी करने का आग्रह किया।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ठंड से लोग खासे परेशान है। राज्य के कई स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। बारिश व बर्फबारी न होने के बावजूद प्रदेश के उपरी क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोत जमना शुरू हो गए हैं। वहीं कोहरे और धुंध के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक बारिश व बर्फबारी न होने का पूर्वानुमान जताया है। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.......

प्रदेश में 12 स्थानों पर रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बरठीं, बिलासपुर, पालमपुर में भीषण शीतलहर दर्ज की गई है। राज्य में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से कम चल रहे हैं।जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के कुकुमसेरी में पारा माइनस 10.9 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। यहां घरों की पानी की पाइपें जम गई हैं। किन्नौर और ऊंचाई वाले इलाकों में भी हालात ऐसे ही हैं। राजधानी शिमला में भी रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहीं सुबह के समय सड़कों पर फिसलन बढ़ने से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर, मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर में भी कोहरे का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पूरे प्रदेश में 16 जनवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

आकाशवाणी समाचार के लिए योगराज शर्मा..........

<u>सामाजिक सुरक्षा</u>

प्रदेश में 8 लाख 42 हज़ार से अधिक लाभार्थी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और दिव्यांगजन शामिल हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार बीते 3 वर्षों में करीब एक लाख नए लाभार्थी इन योजनाओं से जोड़े गए हैं।